सार-समाचार

मानद उपाधि पुरस्कार समारोह आज

जोधपुर, (कासं)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर (आईआईटी) में 25 नवंबर को शाम 5.30 बजे लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स में प्रतिष्ठित मानद उपाधि पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में विनोद गुप्ता को विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। आईआईटी जोधपुर की ओर से इस वर्ष का मानद उपाधि पुरस्कार आईआईटी खडग़पुर के पूर्व छात्र विनोद गुप्ता को प्रदान किया जाएगा। समारोह की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रो. अविनाश के. अग्रवाल के स्वागत भाषण से होगी जिसमें संस्थान की विशिष्ट उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण दिया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व नरेश गज सिंह होंगे। साथ ही कार्यक्रम में एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त आईआईटी जोधपुर के शोध पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए चेयर प्रोफेसरशिप स्थापित करने और पीएचडी पदों को वित्तपोषित करने के लिए जेनपैक्ट के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। बता दे कि विनोद गुप्ता एक प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और समाजसेवी हैं। उत्तर प्रदेश के रामपुर मनिहारन में जन्मे गुप्ता ने केवल 100 डॉलर से इंफो गुरप (पूर्व में इंफो यूएसए) की स्थापना की और इसे एक बिलियन डॉलर के उद्यम में बदल दिया, जिसमें आठ हजार से अधिक लोग कार्यरत हैं। उनके कार्यकाल के दौरान, इंफो गुरप ने 45 कंपनियों का अधिग्रहण किया जिससे डेटाबेस मार्केटिंग में मार्केट लीडर बन गए।

जननी व राजश्री योजना में भुगतान किया

बालोतरा, (निसं)। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के मार्ग निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना में 1०,387 केसों व राजश्री योजना में 3,312 केसों का भुगतान इस वित्तीय वर्ष में किया गया। साथ ही बच्चों का टीकाकरण भी 98 प्रतिशत से ऊपर लक्ष्य हासिल किया गया। जिला कलैक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि बालोतरा जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर समय समय पर सुपर विजन किया जा रहा है एवं समय समय पर गेप का एनालिसिस कर समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समस्त चिकित्सा संस्थानों पर युविन एप्प के माध्यम से बच्चों का टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा है जिसमें लाभार्थी घर बैठे टीकाकरण के लिए सेल्फ रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और अपना टीकाकरण कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में समस्त सेक्टर पर एएनएम के द्वारा युविन एप्प का उपयोग किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह के द्वारा प्रति सप्ताह प्रगति रिपोर्ट की ली जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति सजगता के साथ आमजन में जागरूकता पैदा की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा टीम की सम में कार्रवाई

जैसलमेर, (नि.सं.)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के निर्देशानुसार राजस्थान के सभी जिलों में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान लगातार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसलमेर जिले में भी आगामी पर्यटन सीजन एवं शादियों के सीजन के मद्देनजर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा डॉ. बी एल बुनकर के मार्गदर्शन में शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशना राम कङवासरा ने जैसलमेर के पर्यटन क्षेत्र सम गांव में रिसॉर्ट एवं कैम्प के रेस्टोरेंट. का निरीक्षण किया एवं दही, घी,पनीर सहित खाद्य पदार्थों के 4 नमूने लिये तथा सभी फूड सैंपल को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर भेजा जाएगा। वहां से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अठिाम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगे भी जैसलमेर में पर्यटन सीजन एवं त्योहारी सीजन देखते हुए यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किशना राम कङवासरा ने बताया कि सभी खाद्य विक्रेता अपना फूड लाइसेंस अनिवार्य रूप से बनवा लें। बिना फूड लाइसेंस वालों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जोधपुर के क्षेत्रों मे जलापूर्ति 26 को बाधित

जोधपुर, (कासं)। ग्रीष्म ऋतू के लिए जल भंडारण एवं जोधपुर शहर के फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाईप लाईनों के अति आवश्यक रख रखाव व सफाई के लिए 26 नवंबर को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस के सभी क्षेत्रों मे जलापूर्ति बन्द रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को होने वाली जलापूर्ति 27 नवंबर को तथा 27 नवंबर को होने वाली जलापूर्ति 28 नवंबर को की जावेगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत जोधपुर के अधीक्षण अभियंता मनोज भवण ने बताया कि झालामण्ड एवं तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुडे क्षेत्र सरस्वती नगर,एवं कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों एवं पाल बाईपास, शिल्पग्राम के आस पास क्षेत्रों में 26 नवंबर को सुबह 10 बजे तक की जाने वाली जलापूर्ति सामान्य रुप से होगी तथा इन क्षेत्रों में 27 नवंबर को की जाने वाली जलापूर्ति 28 नवंबर को एवं 28 नवंबर को की जाने वाली जलापूर्ति 29 नवंबर को होगी।

जोधपुर की छात्रा ने परचम लहराया

जोधपुर, (कासं)। श्री गंगानगर के खालसा कॉलेज में 23 व 24 नवंबर को आयोजित दिव्यांग स्टेंट एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेकर जोधपुर की छात्रा ने परचम लहराया है। जिसमें न्यू संकल्प इंडिया फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की छात्रा भतिया ने क्लास टी 13 में भाग लेकर गोल्ड मेडल तथा 100 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मादलिया खादवो की ढाणी निवासी गोरधन राम की पुत्री भतिया दिव्यांग होते हुए भी हार नहीं मानी और अब पैरा ओलंपिक की तैयारी करके भारत का नेतृत्व करना चाहती है। अब भतिया न्यू संकल्प इंडिया फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट में रहकर गंगाराम पालीयाल की टीम के निर्देशन में लगातार अभ्यास कर रहीं हैं। इनके आगमन पर ब्रांच मैनेजर चंचल शर्मा असिस्टेंट मैनेजर पुष्पा राणावत पार्वती व हॉस्टल वार्डन पूजा शर्मा ब्रांच मैनेजर ज्ञान भारती, देवाराम व उम्मेदमल खत्री ने भव्य स्वागत किया।

रांकावत के नेत्र किसी के काम आएंगे

पाली, (नि.सं.)। टैगोर नगर, पाली निवासी किशन लाल रांकावत पुत्र स्वर्गीय श्री पुष्कर दास वैष्णव के निधन के पश्चात् उनके परिजनों ने उनकी आंखें दान कर दो दृष्टिहीन बन्धुओं को दृष्टि मिलने का रास्ता प्रशस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त वरिष्ठ मुंसरीम एवं प्रोटोकॉल अधिकारी, जिला सेशन कोर्ट, पाली किशनलाल रांकावत के असामायिक निधन की जानकरी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत जांगिड़ आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान, पाली चैप्टर के अध्यक्ष हुक्मीचंद मेहता ने दिवंगत की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना पुत्र परीक्षित एवं वरुण भाई पीतांबर रांकावत एवं बहनोई रमेश वैष्णव से दिवंगत के नेत्रदान का निवेदन किया। स्वीकृति प्राप्त होते ही आई बैंक सोसायटी, पाली चेप्टर के सचिव केवलचंद कवाड़ ने आई तकनीशियन मुकेश चारण के सहयोग से नेत्रों को दान में प्राप्त कररजस्थान रोडवेज की विमला विश्नोई के सहयोग से जयपुर भिजवा दिए, जहां दो दृष्टिबाधित बन्धुओं को कार्निया प्रत्यारोपित कर दृष्टि प्रदान की जायेगी ।

नग्मों भरी शाम का आयोजन किया

जोधपुर, (कासं)। शहर के सिवांची गेट स्थित श्री पुष्टिकर महिला महाविद्यालय में नग़मों भरी शाम का आयोजन किया गया।निदेशक व आयोजक अब्दुल सलीम बैलिम ने बताया कि रविवार को नग़मों भरी शाम के अवसर पर प्रसिद्ध सिंगर मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर व आशा भोसले के गाने गाऐ गए । इस कार्यक्रम में मुम्बई की सिंगर मेघा चौहान की विशेष प्रस्तुति रही। कपिल मिर्धा, एंकर माजिद हुसैन, मो. अजीज व शब्बीर कुमार, धर्मेन्द्र गुरु, इन्साफ हुसैन भी अपने अपने अंदाज में गानों की प्रस्तुति दी।

दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगेगा

बालोतरा, (निसं)। राजकीय नाहटा जिला चिकित्सालय में दिव्यांगजनों के लम्बित दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने हेतु विशेष शिविर सोमवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि सोमवार, 25 नवंबर को मीटिंग हॉल में प्रातः 1०.30 बजे विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रामेश्वरलाल सुथार अपनी सेवाऐं देगें। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विशेष योग्यजनों की जांच के उपरान्त दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने की कार्यवाही की जाएगी।

जालोर में भाजपाइयों ने मन की बात का लाइव प्रसारण सुना

जालोर, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष राव श्रवण सिंह बोरली के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा मन की बात का लाइव प्रसारण किया गया।

नगर मंत्री हीराराम देवासी ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा का मॉडल जालोर द्वारा मां की बात का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते जिला महामंत्री प्रकाश चाजेड उपस्थित थे वहीं अध्यक्षता नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की विशिष्ट अतिथि के नाते नगर परिषद उपसभापति अंबालाल व्यास भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह सिसोदिया जिलाकार्यालय मंत्री डिंपल सिंह उपस्थित थे।

भाजपा जिला कार्यालय के अलावा शहर में सभी बूथों में मन की बात का प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम में भाजयुमो पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि अमन मेहता नगर मंत्री महेंद्र राठौड रामाराम माली श्रवण कुमार ओड धीरज सुंदेशा चेतन सुंदेशा उमंग सोलंकी हेमराज सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जालोर के भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना। फोटो-राष्ट्रदूत

महाराष्ट्र सहित उपचुनावों में बंपर जीत के बाद आज पीएम मोदी अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम मन की बात के जरिए लोगों से जुडे। उन्होंने आज नेशनल कैडेट कॉर्प्स यानी एनीसीसी दिवस पर अपने स्कूल के दिनों को याद किया। इतना ही नहीं पीएम ने देश के युवाओं को एनीसी से जुडने की अपील भी की है। इसके अलावा पीएम ने बताया कि 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती के मौके पर भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ होगा। इसे विकसित भारत युवा नेता संवाद नाम दिया है। मोदी ने इसके अलावा उन्होंने अपनी गुआना की विदेश यात्रा का भी जिक्र किया।

मन की बात कार्यक्रम में मुंबई की दो बेटियों की तारीफ की। मोदी ने कचरे से फैशन के सामान बनाने के प्रयासों की सराहना की।

आचार्य चैत्यसागर महाराज का मंगल प्रवेश, आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया

जोधपुर, (कासं)। से 12 दिसंबर तक होने वाली पंच दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा को लेकर जैन समाज में भारी उत्साह छाया हुआ है।

रेल्वे स्टेशन रोड श्री दिगंबर जैन मन्दिर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के सरदारपुरा 11 वी रोड चैत्यालय पहुंचने पर निर्मल व दीपक चौधरी परिवार द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा शास्त्री नगर स्थित जिनालय के दर्शन करते हुए पाल रोड स्थित श्री खतरगच्छ जैन सेवा ट्रस्ट के भवन पहुंची जहा आचार्य संघ पर हाथी द्वारा पुष्प वर्षा की गई ।भवन के द्वार पर महिलाओं द्वारा मंगल कलश के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा का संचालन समिति के सह-संयोजक सन्नत कुमार, अभिषेक चांदीवाल, सुनिल जैन व अरविंद जैन ने किया।

तत्पश्चात् आयोजित धर्म सभा का आयोजन किया गया। सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी के मुख्य आतिथ्य में व आचार्यश्री के पावन सानिध्य में महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का उपस्थित जनसमुदाय के सामने विमोचन किया गया।

समाज की महिलाओ द्वारा मंगलाचरण पश्चात मुख्य अतिथि के साथ गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई धर्मसभा में माताजी का उद्बोधन हुआ जिसमें समाज की एकजुटता का संदेश के साथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा की श्रावक के जीवन मे महत्व पर प्रकाश डाला।

आचार्य विमल सागर महाराज के चित्र अनावरण पश्चात अपने प्रवचन में आचार्य चैत्यसागर महाराज ने 8 से 12 दिसंबर तक होने वाली पंच दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध जैन विद्वान चेतन प्रकाश पाटनी लिखित जिनवाणी ग्रंथ का विमोचन भी आचार्यश्री के द्वारा किया गया। प्रचार प्रसार समिति के सदस्यों द्वारा पीले चावल के साथ महोत्सव के लिए आमंत्रण कार्ड के द्वारा सभी को महोत्सव में लिए निमंत्रण दिया गया।

अंत में समिति संयोजक दीपक गोधा ने आभार ज्ञापित किया एवं समाज से सहयोग का निवेदन किया जिसका उपस्थित समुदाय ने हाथ उठाकर समर्थन दिया। कार्यक्रम पश्चात विमल-प्रसादी में जैनम ग्रुप के सदस्यों ने सेवाएं दी। सभा का संचालन समिति सह संयोजक अभिषेक चांदीवाल ने किया।

जालोर में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला



जालोर शहर में आर.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में रविवार को आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला।

जालोर शहर के गोडिजी मंदिर के सामने से रविवार सुबह 9.00 बजे स्वयंसेवकों का पथ संचलन शुरु हुआ जो शहर के रबारवाडा , सिरे मंदिर रोड, दुदावा जाव, वाडिया व रामपुरा कॉलोनी सहित बागोडा रोड स्थित बैधनाथ महादेव मंदिर में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जहां पदाधिकारियो ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संघ का उदेश्य हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में बांधकर उनमें उत्साह और निड़रता का संचार करना है। पथ संचलन के जरीये समाज से जातिवाद को समाप्त कर मानवता कि ओर जागरुक होने का संदेश दिया। इस मौके कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

जोधपुर डिस्कॉम के कार्यों की समीक्षा

बालोतरा,(नि.सं.)। जोधपुर डिस्कॉम बालोतरा के नोडल अधिकारी व प्रावैधिक सहायक प्रबन्ध निदेशक प्रकाश जैन द्वारा रविवार को वृत बालोतरा समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में वृत अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल, अधिशाषी अभियंता खण्ड बालोतरा व सिवाना भंवराराम चौधरी, लेखाधिकारी उम्मेदाराम राईका व उपखण्ड सहायक अभियंता व अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा राजस्व वसूली, तकनीकी व वाणिज्यिक हानियों में कमी लाने एवं पीएम सुर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति के बारे में चर्चा की गई। विशेषकर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार कर बड़े स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही बैंकिंग सस्थाओं के प्रतिनिधियों को शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। ताकि अधिक आवेदन रजिस्ट्रेशन, वैण्डर चयन एवं उपभोक्ता को न्यूनतम (7 प्रतिशत) ब्याज दर पर उक्त योजना के तहत सोलर रूफ टोप लगाने के सम्बन्ध में जानकारी एवं आवेदकों को ऋण आवेदन की प्रक्रिया भी सरलता से सम्पादित करवाते हुए शिविर की सार्थकता एवं आमजन को योजना से लाभान्वित करवाया जा सके।

रेलवे अस्पताल में पेंशनर्स के लिए कैंप आज

जोधपुर, (कासं)। रेलवे पेंशनर्स की सुविधा के लिए जोधपुर मंडल रेलवे अस्पताल में सोमवार को बायोमेट्रिक आधारित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट कैंप आयोजित किया जाएगा।

अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस आर बुनकर ने बताया कि जोधपुर मंडल के डीआरएम पंकज कुमार सिंह के निर्देशानुसार कि रेलवे पेंशनर्स की सुविधा को देखते हुए अस्पताल की ओपीडी समयावधि में सुबह साढे नौ से डेढ बजे तक लगने वाले शिविर में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए अस्पताल में अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक विक्रम सिंह सैनी के अनुसार पेंशनभोगियों की परेशानियों को कम करने के लिए जोधपुर मंडल पर मेगा डिजिटल लाइफ कैंपेन 3.0 चलाया जा रहा है जिससे पेंशनभोगी आसानी से अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पेंशनभोगियों को पेंशन की निरंतरता के लिए प्रतिवर्ष 1 से 30 नवंबर तक बैंक में जीवित प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य होता है।

रेलवे अस्पताल में सोमवार को आउटडोर अवधि में पेंशनर्स आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड,बैंक खाता पासबुक और पीपीओ की कॉपी जमा कर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा सकेंगे। इसके साथ ही पेंशनर्स को ऑनलाइन लाइफ सर्टिफिकेट स्वयं बनाने के लिए मोबाइल एप के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी ताकि वह घर बैठे इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

जालोर, (कास) आमना फॉर्म हाउस शिवगंज में मेडतिया सिलावट सेवा संस्थान (रजिस्ट्रर्ड) के तत्वाधान में मेडतिया सिलावट चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को पाली, जालोर व सिरोही जिलो के मेडतिया सिलावट प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं तथा खिलाड़ियों को समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह के अध्यक्ष डॉ. नूर मोहम्मद सेवा निवृत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पिण्डवाडा, मुख्य अतिथि जनाब बाबूखान शेख सेवा निवृत जिला शिक्षा अधिकारी सिरोही तथा विशिष्ठ अतिथि जनाब कासम खान सेवा निवृत उप निरीक्षक राजस्थान पुलिस तथा जनाब इकबाल खान सेवा निवृत तहसीलदार मौजूद रहे।

समारोह में करीब 45 छात्राओ ने तथा 30 छात्रो ने बोर्डपरीक्षा में उत्कृष्ठ परिणाम दिया जिसके फलस्वरूप जनाब शाबिर सिलावट से सभी प्रतिभाओ को उप निरीक्षक राजस्थान पुलिस ने सभी प्रतिभाओं को पारितोषिक द्वारा सम्मानित किया वही कार्यक्रम के भामाशाह जनाब इम्तियाज़ खान वल्द हाजी इनायत खान का मेडतिया सिलावट सेवा संस्थान द्वारा साफा एवं माला पहनाकर तहेदिल से शुक्रिया अदा किया गया।

आमना फॉर्म हाउस शिवगंज में मेडतिया सिलावट सेवा संस्थान का सम्मान समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम का संचालन मेडतिया सिलावर चेरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष-यासीन खान सिलावट अजमेर द्वार किया गया तथा मुख्य संयोजक साकिर खान सिलावट सुमेरपुर ने आये हुए लोगों का आभार प्रदर्शित किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।

अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का चौहान ने निरीक्षण किया

बालोतरा, (निसं)। नवनिर्मित एवं इसी सत्र में प्रारंभ हुए अनुसूचित जनजाति के बालिका आवासीय छात्रावास का अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने रविवार को आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बालिकाओं ने मंत्र मुग्ध करने वाली प्रार्थना के माध्यम से अधिकारियों का मन मोह लिया। इसके पश्चात छात्रावास अधीक्षिका देवी ने छात्रावास की गतिविधियों से अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अवगत करवाया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चौहान ने छात्रों की उपस्थिति को शत प्रतिशत रखना के विशेष निर्देश दिए। तत्पश्चात बालिकाओं से व्यक्तिगत संवाद के दौरान बालिकाओं ने पानी की गंभीर समस्या को उठाया तथा तत्काल समाधान करने का निवेदन किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने छात्रावास में निवासरत बालिकाओं के पाठ्य पुस्तकों की कमी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश मीणा एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी बाडमेर से बात की तथा तत्काल उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान दिए। उन्होंने बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण को नियमित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत करवाया। जिस पर सीएमएचओ द्वारा तत्काल ही व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बालिकाओं की छात्रवृत्ति समय पर आ जाए बालिकाओं को सुचारू भोजन उपलब्ध हो, जो पौष्टिक हो तथा समय पर मिले यह सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। अध्ययन और अध्यापन का निश्चित टाइम टेबल बनाकर समय सारणी के अनुसार स्वाध्याय के लिए बालिकाओं को प्रेरित करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही आगामी निरीक्षण के वक्त इन समस्त बिंदुओं पर पुनः समीक्षा के लिए छात्रावास अधीक्षक को पाबंद किया।

निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय हरियाली का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित एवं जिला कलक्टर प्रदीप के गावंडे ने रविवार को निष्क्रमणीय पशुपालक राजकीय आवासीय विद्यालय हरियाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवासीय विद्यालय में आवासित बच्चों से मिलकर समस्याओं के बारे में जानकर समाधान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा आवासीय विद्यालय में 5० लाख बजट से करवाए जा रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया तथा एक माह में मरम्मत कार्य को पूर्ण करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय में मरम्मत कार्य के तहत सीवरेज, बाथरूम व छात्रावास रूम मरम्मत कार्य का भी अवलोकन किया।

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित एवं जालोर कलैक्टर प्रदीप के गावंडे ने निष्क्रमणीय पशुपालक राजकीय आवासीय विद्यालय हरियाली की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने आवासीय विद्यालय सुविधाओं में बढोतरी एवं रिक्त पदों को भरने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कहते हुए बच्चों को अनुशासन व पढ़ाई की महत्ता बताई।

कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे ने बच्चों से वार्ता कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा आहोर उपखंड अधिकारी को खेल मैदान का प्रस्ताव भेजने की बात कही। उन्होंने प्रधानाचार्य को साफ सफाई, भोजन व्यवस्था व आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आहोर उपखंड अधिकारी सांवरमल रैगर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अनिल कुमार माथुर, सीबीईओ प्रकाश चौधरी, लाखाराम देवासी, लाखाराम, विकास अधिकारी अमृत देवासी, जगतराम, नरपत देवासी, वसनाराम देवासी, सुरेंद्र देवासी व गोपाल सहरसा आदि उपस्थित रहे।

राजीव गांधी भवन जालोर में विचार गोष्ठी कल

जालोर, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन राजीव गांधी भवन जालोर में रखा गया है।

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि 26 नवम्बर2024 को भारत संविधान सभा द्वारा हमारे संविधान को अपनाने की 75 वी वर्षगांठ का गौरवपूर्ण स्मरण करेगा। इसके बाद हम 26 जनवरी,2०25 को गणतंत्र दिवस मनाएंगे, जो 195० में हमारे देश के गणतंत्र में परिवर्तन का प्रतीक है, जब संविधान लागू हुआ था। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर ने कांग्रेस के साथ मिलकर संविधान को आकार देने में भूमिका निभाई, यह सुनिश्चित किया कि यह न्याय, समानता और बन्धुत्व का प्रतीक हो। केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने तब से हमारे लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी है और देश की सामाजिक- राजनीतिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।आज संविधान में निहित मूल्यों और संस्थानों को भाजपा शासन में खतरों का सामना करना पड रहा है, लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा की आवश्यकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे ने संविधान और इसके द्वारा बनाये गए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इस उद्देश्य के प्रति समर्पण अटूट रहा है। राहुल गांधी की अथक वकालत ने संविधान और कांग्रेस पार्टी की सभी के लिए न्याय और समानता की प्रतिबद्धता के बीच गहरे संबंध को मजबूत किया है।

कुम्पावत ने बताया कि विधायक, विधानसभा चुनाव 2023 के कांग्रेस प्रत्याशी, पूर्व अध्यक्ष/ सदस्य बोर्ड एवम निगम, प्रदेश व जिले के पदाधिकारिगण,पूर्व विधायक, पीसीसी सदस्यगण,पूर्व जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसजन,ब्लॉक एवम नगराध्यक्ष, मंडल अध्यक्षगण, प्रधान, उप प्रधान,नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पालिका उपाध्यक्ष, पूर्व जिला प्रमुख,पूर्व प्रधान,पूर्व पालिका अध्यक्ष, जिला परिषद एवम पंचायत समिति सदस्य सहित कई जने उपस्थित रहेंगे।